2020

HINDI — HONOURS

Paper : CC-11

(Hindi Natak evam Ekanki)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'अंधेर नगरी' के रचनाकार का नाम तथा उसका प्रकाशन-वर्ष बताइए।

(ख) स्कन्दगुप्त के दो नारी-पात्रों के नाम बताइए।

(ग) 'भोर का तारा' एकांकी के एकांकीकार का नाम बताइए। इसमें 'कविकुल शिरोमणि' कौन बनना चाहता है?

(घ) 'अब मैं अपनी दृष्टि में नाम नहीं विशेषता हूँ'— कथन कौन, किससे कह रहा है?

(ङ) माधवी किस विधा की रचना है? और इसके रचनाकार कौन हैं?

(च) 'औरंगजेब की आखिरी रात' के रचनाकार कौन हैं? इस एकांकी के प्रमुख स्त्री पात्र का नाम बताइए।

(छ) मोहन राकेश के किन्हीं दो नाटकों के नाम बताइए।

(ज) 'अंधेर नगरी' नाटक के दो पात्रों के नाम बताइए।

(झ) कष्ट हृदय की कसौटी है, तपस्या अग्नि है— कौन कह रहा है और यह पंक्ति किस पाठ से ली गई है?

(ञ) आज जिंदगी की लड़ाई में हमें शिकस्त ही मिली, भारी शिकस्त— कौन, किससे कह रहा है?

2. किन्हीं ***तीन*** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×3

(क) 'अंधेर नगरी' के शीर्षक की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'अंबिका' के चारित्रिक वैशिष्ट्य को रेखांकित कीजिए।

(ग) 'भोर का तारा' एकांकी के संदेश पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'और वह जा न सकी' एकांकी की मूल समस्या पर विचार कीजिए।

(ङ) 'स्कन्दगुप्त' नाटक के किसी एक स्त्री-पात्र की विशेषता बताइए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) 'अंधेर नगरी' की समकालीनता पर विचार कीजिए।

(ख) 'आषाढ़ का एक दिन' में इतिहास और कल्पना का समन्वय है— इसको सिद्ध कीजिए।

(ग) स्कन्दगुप्त की राष्ट्रीय चेतना पर प्रकाश डालिए।

(घ) रामकुमार वर्मा ने अपने एकांकी 'औरंगजेब की आखिरी रात' में औरंगजेब का मनोवैज्ञानिक चरित्र-चित्रण किया है? – स्पष्ट कीजिए।

(ङ) एकांकी कला की दृष्टि से 'भोर का तारा' की समीक्षा कीजिए।